संख्या–cm-490
01/10/2025

# मुख्यमंत्री ने वासंतिक (रबी) महाभियान (2025–26) का किया शुभारंभ, किसान जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटना, 01 अक्टूबर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग से वासंतिक (रबी) महाभियान (2025–26) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर किसान जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी 38 जिलों के लिए एल०ई०डी० युक्त प्रचार वाहनों को सभी पंचायतों में किसानों को जागरूक करने के लिए रवाना किया गया।

रबी–2025 की सफलता के लिये रबी महाभियान की शुरूआत की जा रही है। कृषि विभाग द्वारा वासंतिक (रबी) मौसम में फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिये कई कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस महाभियान में सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक और विभाग के सभी कृषि प्रसार कर्मी सम्मलित होंगे। इसके माध्यम से किसानों को कृषि संबंधी तकनीकी प्रशिक्षण देते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी जायेगी। साथ ही कृषि विभाग की योजनाओं का प्रचार–प्रसार तथा विभिन्न उपादानों का वितरण पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जायेगा। लाभार्थी किसान को कृषि की उन्नत तकनीक एवं विभागीय योजना अन्तर्गत अनुदान के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी एवं प्रशिक्षण दी जाएगी। इसके अतिरिक्त किसानों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदानित दर पर उपादान का वितरण भी किया जायेगा। किसानों को प्रमाणित बीज विभाग द्वारा रबी अभियान के दौरान उपलब्ध कराया जाएगा।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को तेलहन, दलहन, मक्का के साथ–साथ बागवानी फसलों, गेहूँ के बीज/उपादान मुहैया कराया जा रहा है। इसके साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दिया जाने वाला अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस अवसर पर ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पंचायती राज मंत्री श्री केदार प्रसाद गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, कृषि विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******